हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 03 अक्तूबर 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

Page No :05 Middle

शुक्रवार को बरेली में एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से स्वर्गीय राम मूर्ति जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया।

एसआरएमएस में कोरोना वारियर्स का सम्मान हुआ

बरेली | कार्यालय संवाददाता

एसआरएमएस ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने कोविड मरीजों की सेवा में संलग्न रहने वाले कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र सौंपने के साथ उन्हें बधाई दी। इसी के साथ ही अब तक घोषित रिजल्ट से स्कॉलरशिप के लिए चयनित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया और उन्हें स्कॉलरशिप की राशि प्रदान की गई।

एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से स्वतंत्रता सेनानी राम मूर्ति जी की 32वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को कोविड प्रोटोकाल के साथ मनाई गई। देव मूर्ति जी ने संस्थान के 1500 कोरोना वारियर्स का सम्मान किया। इनमें से पंद्रह लोगों को खुद उन्होंने प्रमाण पत्र सौंपा। इसके साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की राशि प्रदान की। मानवसेवा और राष्ट्र निर्माण की विचारधारा को लेकर 1990 में ट्रस्ट की आधारशिला रखी गई थी। पहली बार 11 विद्यार्थियों को 11 हजार की छात्रवृत्ति वितरित हुई थी। आज ट्रस्ट 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान करता है।